कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी, चम्पावत

माननीय प्रधानमन्त्री जी द्वारा परीक्षा पे चर्चा – दिनांक 29जनवरी 2024 समय 11 बजे प्रातः

रिर्पोट–

इस महाविद्यालय में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम– दिनांक 29जनवरी 2024 समय प्रातः 11 बजे लाइव प्रसारित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं, अध्यापकों, कार्मिकों व प्राचार्य ने माननीय प्रधानमन्त्री जी को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को ध्यान से सुना। लाइव कार्यक्रम में माननीय प्रधानमन्त्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने परीक्षा पे चर्चा के दौरान बच्चों को परीक्षा के तनाव से निकलने की सलाह दी, बच्चों को कई गुरुमंत्र दिए। उन्होंने माता पिता से भी अपील की कि बच्चों के परफॉर्मेंस और उसकी रिपोर्ट कार्ड को अपना विजिटिंग कार्ड' न बनाएं। माननीय प्रधानमन्त्री ने कहा कि प्रतिस्पर्धा स्वस्थ होनी चाहिए, दोस्तों के प्रति ईर्ष्या की भावना नहीं रखनी चाहिए, उन्होने कहा कि दूसरों से नहीं, खुद से प्रतिस्पर्धा करें, जहां आप मजबूत हैं, वहां आप उसकी मदद करें और जिस विषय में वह मजबूत हो, उससे आप मदद लें। इससे दोनों मिलकर परीक्षा के तनाव को दूर कर सकते हैं। **इसके साथ ही उन्होने कुछ प्रमुख विन्दुओं पर चर्चा की–**

- पीएम मोदी ने कहा कि मैं हर चुनौती को चुनौती देता हूं, चुनौती जाएगी। स्थितियां सुधर जाएगी, इसकी प्रतीक्षा करते हुए मैं सोया हुआ नहीं रहता हूं. हर चुनौती के लिए स्ट्रेटजी बनाता हूं।
- पीएम मोदी ने कहा कि मैं हर चुनौती को चुनौती देता हूं, चुनौती जाएगी। स्थितियां सुधर जाएगी, इसकी प्रतीक्षा करते हुए मैं सोया हुआ नहीं रहता हूं. हर चुनौती के लिए स्ट्रेटजी बनाता हूं।
- मोबाइल पर कितनी ही प्रिय चीजें क्यों न आ रही हो, लेकिन उसका एक समय निश्चित करना बहुत जरूरी है।
- टीचर्स को बच्चों से घुलना मिलना चाहिए. क्लास में सहज माहौल बनाना चाहिए, जिससे बच्चे आपमें रूचि लें।
- हमें आदत डालनी चाहिए कि हम निर्णायक बनें. अनिर्णायकता बहुत खराब होती है. उससे बाहर आना चाहिए।
- बच्चों से कहा कि लिखने की प्रैक्टिस जरूर करें, जिनता लिखेंगे उतनी स्पीड आएगी और गलतियां समझ आएंगी।
- शिक्षक का काम केवल नौकरी करना या नौकरी बदलना नहीं है, उसका काम जिंदगी को संवारना और उसे सामर्थ्य देना है. ऐसे शिक्षक ही परिवर्तन लाते हैं।
- छात्र पहले से कहीं अधिक नवोन्मेषी हो गए हैं, ये कार्यक्रम मेरे लिए भी एक परीक्षा की तरह है।
- माता पिता से कहा कि आपको किसी बच्चे की तुलना किसी दूसरे से नहीं करनी चाहिए क्योंकि यह उसके भविष्य के लिए हानिकारक हो सकता है।
- कुछ माता–पिता अपने बच्चे के 'रिपोर्ट कार्ड' को अपना 'विजिटिंग कार्ड' मानते हैं, यह ठीक नहीं है।
- अपने संबोधन के दौरान कहा कि प्रतिस्पर्धा और चुनौतियां जीवन में प्रेरणा का काम करती हैं, लेकिन प्रतिस्पर्धा स्वस्थ होनी चाहिए।

लाइव प्रसारण कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्री माननीय धर्मेंद्र प्रधान जी भी मौजूद रहे। शिक्षा मंत्री जी ने कहा कि सभी की ओर से माननीय प्रधानमन्त्री जी का हार्दिक स्वागत करता हूँ। वे राष्ट्र शिल्पी है। 2047 तक आपके नेतृत्व में राष्ट्र विकसित बनेगा। परीक्षा में चर्चा आज जन आंदोलन बन गया है। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे भारत मंडपम, आईटीपीओ, नई दिल्ली में शुरू हो चुका है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि "वर्तमान संस्करण में MyGov पोर्टल पर उल्लेखनीय 2.26 करोड़ पंजीकरण कराए हैं, जो देश भर के छात्रों के बीच व्यापक उत्साह को दर्शाता है।

महाविद्यालय में माननीय प्रधानमन्त्री द्वारा परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम लाइव प्रसारण प्राचार्य प्रोफेसर डॉ0 अजिता दीक्षित के देखरेख में डॉ0 दिनेश कुमार गुप्ता के द्वारा प्रारम्भ किया गया। जिसमें डॉ0 संजय कुमार, डॉ0 रंजना सिंह, श्रीमती पुष्पा, श्री अतुल कुमार मिश्र, श्री संजय कुमार गंगवार, श्री हरीश चन्द्र जोशी, श्री दशरथ बोहरा, श्री दिनेश चन्द सिंह रावत तथा महाविद्यालय के छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।



भावना राणा - Bhavna
मनोहर भट्ट - Manohar
दीक्षा बिष्ट - Deeksha
सुमन - Suman
कमला - Kamla
किरन - Kiran
रश्मि - Rashmi
तुलसी - TULSI

गीता भट्ट - गीता भट्ट
तुलसी भट्ट - तुलसी
लक्ष्मण सिंह
अनीता कठायत - अनीता
अंजली - Anjali
विमला भट्ट - विमला
देवेन्द्र सिंह नेगी
हिमांशु शर्मा

30/09/2024

प्राचार्य
राजकीय [illegible] विद्यालय
[illegible] रावत)
उत्तराखण्ड पिन 262523